

डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 12 मई, शुक्रवार, 2023





# देश के सभी वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं को बधाई

भारत को आधुनिक तकनीक और कंप्युटर के युग में ले जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी कहते थे, "भारत एक गतिशील देश है। हम सतत प्रगति कर रहे हैं और प्रवाह की स्थिति में हैं। हमारा समाज, हमारी अर्थव्यवस्था विकसित हो रही है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी इस विकास का प्रमुख औजार होना चाहिए।" उनकी इस दूरदर्शिता और लाखों लोगों की मेहनत ने हमारे देश को तकनीकी विकास के नये युग में लाकर खड़ा किया। राष्ट्रीय तकनीक दिवस पर देश के सभी वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और शोधकर्ताओं को बधाई जिनके अथक प्रयास ने भारत को विज्ञान एवं तकनीक का महारथी बनाया।



**राष्ट्रीय तकनीक दिवस**






# देश में कांग्रेस का आंदोलन शुरूकरने की बात करता है तब हमारे साथी मेरा राजनीतिक इतिहास की जानकारी देने की बात लिखते हैं

## पटना। कांग्रेस दर्पण

**पटना।** दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल जब बात करता है मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस का आंदोलन शुरू करने की तब हमारे महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ राजिस्थान उ.प्र. के हमारे कांग्रेस के साथी सबाल उठाते हैं क्या साथी जी मोदी सरकार को कुर्सी से उतारने के लिए आंदोलन कर लेंगे उ.प्र. के साथी तो योगीजी का नाम लेकर कहते हैं कि उ.प्र. में योगीजी की सरकार है

जब किसान कांग्रेस सम्भल मोदी सरकार को कुर्सी से उतारने के लिए देश में कांग्रेस का आंदोलन शुरू करने की बात करता है तब हमारे साथी मेरा राजनीतिक इतिहास की जानकारी देने की बात लिखते हैं।

दोस्तो हम अपने सभी कांग्रेस के साथियों के साथ उन सभी को अपने राजनैतिक जीवन के बारे में जानकारी देते हैं

साथी जी का राजनैतिक जीवन 1986 में शुरू हो चुका था गाँधीजी, नेहरूजी, पटेल जी, शास्त्री जी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी, इंदिरा गांधी जी सहित बह तमाम लीडर जिन्होंने अंग्रेजों से मुकाबला किया मेरे आदर्श रहे इन्हीं के कारण साथी जी कांग्रेस से जुड़े



1986 में ही भा.कि. यूनियन भी चर्चा में आ चुकी थी उस समय हमारा जनपद मुरादाबाद था मुरादाबाद में भा.कि. यूनियन को स्थापित करने बालों में भी मेरी प्रमुख भूमिका थी।

मुरादाबाद मंडल में अंबेडकर युवक संघ भी उस समय कमजोर तबके का सबसे ताकतवर संगठन था इसमें भी केंद्रीय पदाधिकारी के रूप में कमजोर तबके के लिए संघर्ष किया।

दोस्तो हम अगर अपने बारे में शुरू से लेकर अब तक का इतिहास लिखने लगे तो शायद कोई पढ़ भी नहीं पायेगा।

लेकिन हमारे साथी यह जान लें 1986 से लेकर आज तक कितनी भी सरकारें आयीं लेकिन किसी भी सरकार में किसी भी अधिकारी नें आज तक मुकाबला करने की कोशिश नहीं कि सम्भल जनपद से जुड़ा हुआ इस्लामनगर कस्बा है एक बार इस्लामनगर थाने के रड नें हमारे साथी का हाथ तोड़ दिया था जैसे ही हमें जानकारी मिली हमनें थाने को ही घेरने की तैयारी की तो इस्लामनगर की सभी सीमाओं को सील कर दिया था

उ.प्र. कल्याण सिंह सरकार के कृषि मंत्री का कार्यक्र्म बहजोई मंडी समिति में लगा हमें उनका विरोध करना था जब कृषि मंत्री बहजोई आये तो चप्पे चप्पे पर प्रशासन लगा था लेकिन जब हमनें विरोध किया तो मंत्री जी मंच छोड़कर भागे थे

हमें अपनी आबाज को देश में पहुंचना था लेकिन जब कुछ उपाय नहीं आया तो सम्भल लोक सभा से श्री मुलायम सिंह यादव जी दूसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे तब हमनें श्री मुलायम सिंह यादव जी के मुकाबले 1999 का लोकसभा चुनाव लड़ा आज भी सम्भल लोक सभा की जनता उस चुनाव को याद करती है

उस समय दिल्ली जंतर मंतर पर प्रदर्शनकारी जंतर मंतर पार्क के बराबर धरना प्रदर्शन करते थे जब हमनें जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया उस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री साहेब सिंह वर्मा जी थे हमारे धरने चौथा ही दिन था कि दिल्ली पुलिस नें हमारे धरने को समाप्त करने के लिए उस समय सभी के धरने बलपूर्वक हटाये।

एक बार बहजोई के नया बाजार रामलीला मैदान के खुले मंच पर लगातार 100 घण्टे का भाषड़ दिया।

दोस्तो जब मुरादाबाद ही हमारा जिला था तब मुरादाबाद कलेक्ट्रेट पर प्रत्येक चौथे पांचवे दिन हमारा प्रदर्शन होता था और जब से सम्भल जनपद बना है तब से अब तक जनता की समस्याओं को लेकर इतनी बार प्रदर्शन हो चुके हैं शायद ही कोई कर पाए।

दोस्तो कभी साथी जी के बारे में जानना हो तो जब हम सम्भल कलेक्ट्रेट से मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस का आंदोलन शुरू करें तब हमारे साथ जुड़ जाना आपको हमारे बारे में विस्तार से जानकारी मिल जाएगी

**धन्यवाद**
**आपका अपना विनोद साथी**
**जिलाध्यक्ष**
**किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.**
**8791674785 9720026990 ६**
**जय हिंद जय भारत जय कांग्रेस**

# अनुमण्डलीय कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर हेतु तैयारी बैठक का आयोजन






## पटना। कांग्रेस दर्पण

अनुमण्डलीय कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर हेतु तैयारी बैठक का आयोजन कटिहार कांग्रेस कार्यलय राजेंद्र आश्रम कटिहार मे किया गया जिसमे मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक़ अनवर मनिहारी विधायक मनोहर सिंह, कदवा विधायक शकील खान, कटिहार अनुमंडल कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर के संयोजक संजय सिंह मनिहारी अनुमंडल संजोयक सुनील यादव बरसोई अनुमडल संयोजक आफताब आलम सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे कांग्रेस जन राजेश रंजन मिश्रा शाहनवाज़ खान विश्राम सिंह दिलीप विश्वास रियाज़ अंसारी फ़िरोज़ कुरैशी पंकज ताम्बाखुवाला कंचन दास सिमरजीत सिंह इ ङ ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद थे

# कांग्रेस नेताओं ने व्यक्त की संवेदना

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री ब्रजेश पाण्डेय जी व वरिष्ठ पत्रकार श्री रवीश कुमार जी के माताजी श्रीमती योशोदा पाण्डेय जी की कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। उनके आवास पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी, बिहार कांग्रेस प्रभारी सचिव श्री अजय कपूर जी, श्री अजीत शर्मा , कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय यादव यूथ कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष अमित कुमार कांग एवं प्रदेश प्रवक्ता राज छबीराज, सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण ने परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना किया.**
















# धनबाद: बिजली–पानी की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 11 मई 2023 को धनबाद जिला 20–सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह जी के नेतृत्व में जिला में व्याप्त बिजली–पानी की ज्वलंत समस्याओं को लेकर मिश्रित भवन स्थित जिला 20–सूत्री कार्यालय में सभी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला 20–सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिला में व्याप्त बिजली पानी की समस्या गंभीर है, आगे उन्होंने कहा कि जिला में 31 जलमीनार हैं जिसमें केवल 17 जलमीनार से पानी की सप्लाई सुचारु रूप से हो रहा है बाकी बचे 14 जलमीनार से आज तक किसी भी प्रकार की पानी की सप्लाई कभी नहीं हुई है, कुछ जल मीनार 12 साल से बनकर तैयार पड़ा है पर इसमें भी पानी का सप्लाई आज तक नहीं हुआ है, बहुत से जलमीनार काफी जर्जर हो गया है, उक्त सभी जलमीनार भाजपा के पूर्व अर्जुन मुंडा सरकार, रघुवर सरकार के समय का है सिर्फ और सिर्फ जलमीनार के नाम पर खाना पूर्ति की गई थी। आगे श्री सिंह ने कहा कि बंद पड़े जल मीनार से संबंधित विषयों पर रांची में पेयजल विभाग के वरीय पदाधिकारियों से सकारात्मक वार्ता हुई है अधिकारियों ने जर्जर जलमीनार को ठीक करने के साथ–साथ एक महीना के अंदर बंद पडे जल मीनार से सुचारु रुप से पानी का सप्लाई चालू कराने संबंधित सकारात्मक आश्वासन दिया है।



आगे श्री सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार करने का काम कर रही है केंद्र सरकार के कारण एवं डीवीसी की लचर व्यवस्था के कारण निर्बाध बिजली लोगों को नहीं मिल पा रही है और लगातार आठ से 9 घंटा तक बिजली की कटौती की जा रही है, बिजली की लचर व्यवस्था के कारण व्यवसायियों में कारोबारियों एवं कल कारखाने चलाने वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है लोगों को एक्स्ट्रा पेट्रोल–डीजल का खर्च करना पड़ रहा है, रही जनता की बात बिजली की समस्या से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं इसमें केंद्र सरकार पूर्ण रूप से दोषी हैं और उनके इशारे पर डीवीसी प्रत्यक्ष रूप से बिजली को काट दे रही है। डीवीसी के अधिकारी इस तरह का कृत्य कर झारखंड सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है, आगे श्री सिंह ने कहा कि धनबाद जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति केंद्र सरकार से मांग करती है कि डीवीसी के माध्यम से जिला में लोगों के लिए बिजली की दुरुस्त व्यवस्था की जाए ताकि व्यवसायियों कारोबारियों कल कारखाने चलाने वालों के साथ साथ आम लोगों एवं पठन–पाठन करने वाले छात्रों को व्याप्त बिजली की समस्याओं से निजात मिल सके।

आगे श्री सिंह ने कहा कि मिश्रित भवन स्थित जिला 20–सूत्री कार्यालय में जिला योजना पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों के द्वारा उपेक्षा किए जाने पर 20–सूत्री के सभी सदस्यों ने रोष जताया कार्यालय में संबंधित सामग्रियों की सूची कई महीना पूर्व विभाग के अधिकारियों को दे दी गई है पर सिर्फ और सिर्फ संबंधित अधिकारी खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं जबकि राज्य सरकार का फंड जिला में उपलब्ध है इसके बावजूद जिला 20–सूत्री कार्यालय में किसी भी प्रकार की कोई सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, हराधन रजवार, कासिम अंसारी, राजू प्रमाणिक, पप्पू कुमार तिवारी, शमीम अंसारी, अख्तर अंसारी, पारस हांसदा, गोपीन टुडू, आलमगीर अशरफ सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

**ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह**
**उपाध्यक्ष, धनबाद जिला 20–सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति**

# देश के विकास में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के योगदान को स्वीकार करने के लिए 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

11 मई को कायनात साइंस क्लब द्वारा कायनात इंटरनेशनल स्कूल, काको, जहानाबाद, बिहार में, भारत के वैज्ञानिकों के सम्मान और उनकी उपलब्धियों के सम्मान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है।

कायनात इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष शकील अहमद काकवी ने कहा, 'यह दिन 11 मई 1998 को सफल परमाणु विस्फोट परीक्षणों की याद दिलाता है। भारत दुनिया की छठी परमाणु शक्ति बन गया।' तब से, देश के विकास में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के योगदान को स्वीकार करने के लिए 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 की थीम 'स्कूल टू स्टार्टअप्स–इग्नाइटिंग यंग माइंड्स टू इनोवेट' है। कायनात साइंस क्लब के सचिव एरिज इलियास ने स्कूल की सुबह की सभा में छात्रों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के बारे में जानकारी दी। समर अली, सचिव कायनात सूचना प्रौद्योगिकी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस सुबह की सभा का आयोजन किया, ज़ैब आज़ाद, चाहत मल्होत्रा, अंकेश राज, कुंज कश्यप ने वर्ष की थीम 'स्कूल टू स्टार्टअप्स–इग्नाइटिंग यंग माइंड्स टू इनोवेट' पर आधारित क्विज का आयोजन किया। बेलाल अहमद और हसनैन आलम ने छात्रों को राष्ट्र के विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया।




शकील अहमद काकवी
मोब 8809285505.

# मिसिंग लिंक योजना के अंतर्गत पूर्व मंत्री बेनीवाल ने सड़क का किया शिलान्यास

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

लूणकरणसर 11 मई। विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत उदाणा के 264 आरडी से 8 बीएचडी की ढाणियों को जोड़ने वाली मिसिंग लिंक योजना के अंतर्गत सड़क का शिलान्यास गुरूवार को पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल के द्वारा किया गया। यह सड़क मार्ग ढाई किलो मीटर लंबाई का राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड खंड बीकानेर के अंतर्गत किसान पथ के नाम से बनाया जाएगा जिसकी लागत 75 लाख रूपये आएगी। पूर्व मंत्री बेनीवाल ने सड़क के इस शिलान्यास समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां विस्तार पूर्वक बताई। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क मार्ग वर्षों से डामरीकृत होने का इंतजार कर रहा था। सड़क मार्ग नहीं बनने से यहां के स्थानीय लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता था। गहरे गड्ढे होने पर लोगों का आने–जाने में परेशानी होती थी। जिसके चलते यहां के विद्यार्थियों किसानों और अन्य लोगों को भारी परेशानी वहन करनी पड़ती थी।

सड़क मार्ग बनने पर आवागमन सुलभ हो जाएगा और लोगों को राहत मिलेगी पूर्व मंत्री बेनीवाल ने कहा कि राज्य सरकार का जितना पैसा जनकल्याणकारी योजनाओं में खर्च होता है, उस पैसे का प्रत्येक व्यक्ति को सदुपयोग करना चाहिए हम सभी को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही समुचित लाभ भी उठाना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रधान गोविन्दराम गोदारा ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आमजन के हित को ध्यान में रखते लोक कल्याणकारी योजनाओं पर काम कर रही है इस मौके पर विकास अधिकारी शीला देवी सहायक अभियंता विष्णु कुमार गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष राजाराम जाखड़ भाडेरा सरपंच प्रतिनिधि श्योपत सुथार पूर्व सरपंच कालूराम ज्याणी मनफूल गोदारा भूपराम डेलू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लेखराम भादू महावीर धत्तरवाल आत्माराम पूनियां जयपाल गोदारा ओम गोदारा रामेश्वर धारणिया सहित पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



प्रिय साथियों!

आप सभी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13/05/2023 दिन शनिवार को तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में दोपहर 1:00 बजे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, बिहार प्रभारी आदरणीय श्री राजेश सिन्हा सन्नी जी एवं बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष आदरणीय श्री शिव प्रकाश गरीबदास जी का आगमन मुजफ्फरपुर की पावन धरती पर होने जा रहा है! दोनों सम्मानित पदाधिकारियों की उपस्थिति में मुजफ्फरपुर युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी की बैठक होगी एवं सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा!

आप तमाम जिला उपाध्यक्ष गण, जिला महासचिव, सचिव गण, विधानसभा अध्यक्ष– उपाध्यक्ष गण, विधानसभा सचिव गण, प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गण एवं सभी अन्य पदाधिकारी गण इस बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें!

साभार

आनंद कौशल, अध्यक्ष

जिला युवा कांग्रेस मुजफ्फरपुर



कटिहार यास्मीन फाउंडेशन, महिलाओं के लिए सिलाई कटाई प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए



# कांग्रेस दर्पण

पटना, शुक्रवार 12.05.2023




# कांग्रेस की मजबूती और संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने के विषय पर चर्चा

9 मई 2023 मैं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन मैं दिल्ली कांग्रेस सेवा दल के नए प्रभारी श्री नरेंद्र बातिश जी ने दिल्ली कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों से मीटिंग ली दिल्ली प्रदेश के सभी पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष के साथ और उनका भव्य स्वागत रहा दिल्ली के पदाधिकारियों ने फूलों और शॉल के साथ उनका स्वागत किया दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार जी और समंदर कंडेरा जी भी उपस्थित रहे मीटिंग का विषय दिल्ली में कांग्रेस की मजबूती और संगठन को और भी मजबूती प्रदान करने का विषय रहा काफी देर चली मीटिंग में सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव रखें दिल्ली कांग्रेस सेवादल सोशल मीडिया, अध्यक्ष इलियास खान बॉबी*





आज गांव चानौत (हांसी) में सरकारी स्कूल द्वार उद्घाटन के कार्यक्रम मे चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा जी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उमड़े जनसमूह को देखते हुए प्रतीक होता है की अब प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। क्योंकि आज समस्त प्रदेश जे.जे.पी व बीजेपी सरकार की दमनकारी नीतियों से पीड़ति है, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार आएगी और समस्याओं का निदान करेगी।

आपका अपना, प्रेम सिंह मलिक, (हल्का हांसी)



जवाहर बाल मंच द्वारा आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री Sukhvinder Singh Sukhu जी एवं भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी श्री Krishna A''514 जी सम्मिलित हुए।




आज शिमला में आयोजित राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी श्री Krishna Allavaru जी।

## विशेषसुचना

अखिल भारतीय कॉंग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री लालजी देसाई जी के आदेशानुसार एवं मुंबई अध्यक्ष माननीय श्री भाई जगताप जी तथा मुंबई कार्यकारी अध्यक्ष माननीय श्री चरणसिंह साप्रा जी व मुंबई सेवादल अध्यक्ष श्री सतीश मनचंदा जी के मार्गदर्शन में मुंबई प्रदेश महिला सेवादल की प्रदेश महिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार दिनॉंक 13 मई 2023 को शाम 4 से 6 बजे तक आयोजन किया गया है।

अतः आप सभी महिला सेवादल के बहनो से निवेदन है की आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहे।

स्थल : कॉंग्रेस मुख्यालय, टफ्ऊउ आजाद मैदान।

समयः शाम 4 बजे।

नोट : बिना यूनिफार्म।

निवेदकः अमीना देवलेकर

प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष

मुंबई प्रदेश महिला सेवादल??

# महाराष्ट्र के राज्यपाल मोदी सरकार के इशारे पर कार्य करे थे : डॉ धनंजय शर्मा



पटना।कांग्रेस दर्पण

कोर्ट के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल केंद्र के एजेंट की तरह कार्य करते हुए उद्धव सरकार को शक्ति परीक्षण करने का दबाव डाल रहे थे.कोर्ट के अनुसार बिधान सभा अध्यक्ष भी केंद्र के इशारे पर कार्य कर रहे थे.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी एंव उपाध्यक्ष श्री कामेश्वर शर्मा ने आज आये सवोच्च न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए बताया कि कोर्ट के अनुसार यदि उद्धव ठाकरे इस्तीफा नहीं देते तो आज उन्हीं की सरकार होती मगर अब हम उनकी सरकार को बहाल करने में असमर्थ हैं. मोदी सरकार बिपक्षी दल की राज्य सरकारों को अस्थिर कर रही है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है इससे सचेत रहने की आवश्यकता है

# राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले : बेनीवाल


**पटना । कांग्रेस दर्पण**

## पूर्व मंत्री बेनीवाल ने शेरपुरा में आयोजित महंगाई राहत कैंप का किया निरीक्षण

महाजन 11 मई । राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवो के संग शिविर के तहत गुरुवार को पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने शेरपुरा में आयोजित महंगाई राहत कैंप का निरीक्षण किया इस दौरान पूर्व मंत्री बेनीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत शिविर को देश के पहले ऐतिहासिक महंगाई राहत कैंप का नाम दिया है सरकार इन महंगाई राहत कैंपों के माध्यम से सीधे जनता से जुड़ने की कोशिश कर रही है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदराम गोदारा ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों से लाभ लेने की अपील की इस दौरान उपखंड अधिकारी संजीव कुमार वर्मा



विकास अधिकारी शीला देवी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पतराम गोदारा केवीएसएस संचालक मंडल सदस्य पुरखाराम मूण्ड सेवादल अध्यक्ष शंकर आचार्य बनवारीलाल सारण पूर्व सरपंच मोहनलाल सियाग सहित कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात वकील आसफ अली को उनकी जयंती पर हम शत शत नमन करते हैं। उड़ीसा के राज्यपाल और संयुक्त राज्य अमेरिका में पहले भारतीय राजदूत के रूप में कार्य करने के बाद, उन्होंने अदालतों में राष्ट्रवादी नेताओं की मदद करने के लिए अपने कानूनी कौशल का इस्तेमाल किया। आज, हम स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और स्वतंत्रता के बाद के भारत में उनकी भूमिका का जश्न मनाते हैं।




मॉडल स्टेट राजस्थान की 'बाल गोपाल योजना' कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को प्रतिदिन दूध योजना के लिए 864 करोड़ की स्वीकृति





विभिन्न समाजिक कार्यक्रमों में उपस्थित होने के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद जी के चम्पारण जाने के क्रम में पिपराकोठी में स्थानीय कांग्रेस पार्टी के नेतागण एवं सम्मानित कार्यकार्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

